पंचदश बिहार विधान सभा

एकादश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-02 सोमवार, दिनांक- 09 दिसम्बर, 2013 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.15 बजे पूर्वाह्न तक ।

[1] **प्रश्नोत्तर काल :-**

02 अल्पसूचित प्रश्न अपृष्ठ ।

''इस बीच विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सदन में नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए । आसन द्वारा बार-बार अनुरोध किए जाने के बाद भी सदन में शांति स्थापित नहीं हो सकी और सदन की कार्यवाही 12.00 बजे मध्याह्न तक के लिए स्थगित हुई ।''

(स्थगनोपरांत)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।

समय 12.00 बजे मध्याह्न से 12.10 बजे अपराह्न तक ।

[2] **कार्यस्थगन की सूचना :-**

आज दिनांक 09 दिसम्बर 2013 के लिए कार्य स्थगन की पाँच सूचनाएँ निम्नक्रम में दी गई :-

(i) श्री नंद किशोर यादव, नेता विरोधी दल

(ii) श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार एवं श्री भाई वीरेन्द्र, स०वि०स०

(iii) श्री विनोद नारायण झा, स०वि०स०

(iv) श्री अश्विनी कुमार चौबे, स०वि०स०

(v) श्री सोमप्रकाश, स०वि०स०

सभी सूचनाएँ नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।

[3] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दिनेश कुमार सिंह

(ii) श्री प्रदीप कुमार

[4] **सभा के समक्ष प्रतिवेदनों का रखा जाना :-**

माननीय मंत्री संसदीय कार्य विभाग द्वारा बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-287(3) के तहत नियम समिति का प्रतिवेदन सदन पटल पर रखा गया ।

''इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सदन के वेल में नारेबाजी करते रहे । आसन द्वारा बार-बार उनसे अनुरोध किया गया कि वे अपनी सीट पर जाएँ, लेकिन सदन में शांति स्थापित नहीं हो सकी और सदन की कार्यवाही 2.00 बजे अपराह्न तक के लिए स्थगित हुई ।''

भोजनावकाश के बाद

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।

समय 2.00 बजे अप० से 02.05 बजे अप० तक ।

[5] **वित्तीय कार्य :-**

वित्तीय वर्ष 2013-2014 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन :-

माननीय प्रभारी मंत्री वित्त श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2013-2014 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी को सदन पटल पर उपस्थापित किया गया ।

''आसन से घोषणा की गई कि सदन की कार्यवाही समाप्त होने के तुरत बाद कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी ।''

[6] **निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल-06 निवेदनों को सभा की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगे ।

तदुपरान्त सभा की बैठक मंगलवार दिनांक 10 दिसम्बर 2013 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-09.12.2013

फूल झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।